भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड,
"खनिज भवन" भोपालपानी, देहरादून

संख्याः 4049 मु0ख0 / टी0सी0–01 / 206 / खनन / सिलिका सैण्ड / उ0का0 / भू0खनि0निदे0 / 2025–26, दिनांकः– 08 अक्टूबर, 2025

## ई–निविदा हेतु अल्पकालीन पुर्ननिविदा (Re-Tender) आमंत्रण सूचना

उत्तराखण्ड शासन, औद्योगिक विकास अनुभाग–1 की अधिसूचना संख्या 977 / VII-A-1 / 2023–24ख / 2007, दिनांक 16 जून, 2023 के द्वारा प्रख्यापित उत्तराखण्ड उपखनिज (परिहार) नियमावली, 2023 के अध्याय–4 के नियम–20 (1), (2) एवं (4) में भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय के कार्यालय ज्ञाप संख्या 4615 / र0ख0लॉ0 / ई0नी0 / वि0का0ज्ञा0 / भू0खनि0नि0 / 2024–25, दिनांक 24 अक्टूबर, 2024 के द्वारा विज्ञापित जनपद उत्तरकाशी के 05 सिलिका सैण्ड उपखनिज क्षेत्रों / लॉटों तथा निदेशालय के विज्ञप्तिकरण कार्यालय ज्ञाप संख्या 2675 / मु0ख0 / टी0सी0–01 / 206 / खनन / सिलिका सैण्ड / उत्तरकाशी / भू0खनि0निदे0 / 2025–26, दिनांक 07 अगस्त 2025 के द्वारा जनपद उत्तरकाशी की तहसील पुरोला के ग्राम हुडोली में 01 सिलिका सैण्ड उपखनिज लॉट को ई–निविदा के माध्यम से खनिज परिहार पर स्वीकृत किये जाने हेतु इस प्रकार कुल 06 सिलिका सैण्ड उपखनिज क्षेत्रों / लॉटों को विज्ञापित किये जाने की प्रदत्त स्वीकृति के क्रम में, उक्त नियमावली के नियम–20(2) के प्रावधानानुसार 05 है0 से अधिक क्षेत्रफल के उपखनिज लॉटों को भारत के नागरिक / नागरिकों की समितियों / फर्म / कम्पनियों को 25 वर्ष की अवधि हेतु ई–निविदा (E-Tender) के माध्यम से आवंटन के लिए तकनीकी निविदा (Technical bid) एवं वित्तीय निविदा (Financial Bid) इच्छुक बोलीदाताओं से निम्नवत् वर्णित विवरणानुसार Online आमंत्रित की जाती हैः–

| | |
|---|---|
| विज्ञापन प्रकाशन की तिथि | दिनांक 09.10.2025 (बृहस्पतिवार) |
| uktenders.gov.in पर निविदा अपलोड की तिथि | दिनांक 10.10.2025 (शुक्रवार) |
| uktenders.gov.in से निविदा डाउनलोड आरम्भ करने की तिथि | दिनांक 10.10.2025 (शुक्रवार) |
| ऑनलाइन ई–निविदा जमा करने हेतु आरम्भ तिथि | दिनांक 13.10.2025 (सोमवार) को प्रातः 10:00 बजे से |
| ऑनलाइन ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | दिनांक 11.11.2025 (मंगलवार) को सांय 5:00 बजे तक |
| तकनीकी निविदा खोलने तथा ई–निविदा के परीक्षण / मूल्याकंन आरम्भ किये जाने की तिथि एंव समय | दिनांक 12.11.2025 (बुद्धवार) को प्रातः 11:00 बजे से |
| समिति द्वारा तकनीकी निविदा के परीक्षण / मूल्यांकन के उपरान्त सफल निविदादाताओं की सूची वैबसाइट www.uktenders.gov.in में अपलोड करते हुये वित्तीय निविदा खोलने की तिथि एवं समय की घोषणा की जायेगी एवं तद्नुसार परिणाम उक्त वेबसाईट पर अपलोड किया जायेगा। | |

समस्त प्रतिभागी निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि निविदित खनन लॉट एवं निविदा की प्रक्रिया का विस्तृत विवरण तकनीकी निविदा (Technical Bid) तथा वित्तीय निविदा (Financial Bid) प्रपत्र में किया गया है। उक्त निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, रायपुर–थानो रोड़, भोपालपानी, देहरादून से तथा राज्य सरकार की वेबसाईट uktenders.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट dgm.uk.gov.in से डाउनलोड कर भी प्राप्त किया जा सकता है, जिस हेतु रू0 20,000.00 (बीस हजार मात्र) विभागीय लेखाशीर्षक 0853–00–800–01–01 में + उक्त धनराशि का 18% GST का डिमाण्ड ड्राफ्ट **निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड** के पक्ष में पृथक से जमा कराते हुए जमा चालान एवं डिमाण्ड ड्राफ्ट तथा आवेदन शुल्क निर्धारित विभागीय लेखाशीर्षक में ट्रेजरी चालान 0853–00–800–01–01 के माध्यम तथा ई0एम0डी0 की 25 प्रतिशत धनराशि की राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत एफ0डी0आर0 की मूल प्रति निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि से पूर्व मूल में निदेशालय में जमा कराई जानी आवश्यक होगी। निविदा प्रपत्र क्रय किये जाने हेतु जमा चालान एवं डिमाण्ड ड्राफ्ट की प्रति तकनीकी निविदा (Technical Bid) के साथ भी अपलोड की जानी आवश्यक होगी। सभी निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि उक्तानुसार निविदा प्रपत्र प्राप्त कर उसका भली भांति अध्ययन करने के उपरान्त ही निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। अस्पष्ट एवं अपूर्ण निविदा प्रपत्रों / आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

08/10/25
(राजपाल लेघा)
o/c निदेशक

Scanned with OKEN Scanner